मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या धाम में 50 ई-बसें व 25 ई-ऑटो को दिखाई हरी झंडी, पर्यटकों की सुविधा के लिए अयोध्या सज रही

# सीएम ने दी बसों की सौगात, टूरिस्ट ऐप भी लॉन्च

**बदलती अयोध्या**

अयोध्या, संवाददाता। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया।

उन्होंने ई वाहनों (50 ई-बसों एवं 25 ई-ऑटो) का फ्लैग ऑफ कर अयोध्यावासियों को उपहार दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट ऐप के साथ अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च की। सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर ई बसों और ई ऑटो के संचालन का शुभारंभ किया। वहीं उन्होंने बटन दबाकर पहले डिजिटल टूरिज्म ऐप को और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि है व भारत के स्वाभिमान और सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी पावन तिथि है। जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का जो कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, इसे मूर्त रूप प्रदान करते हुए यशस्वी भविष्य की कामना के साथ हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से इस पौराणिक और ऐतिहासिक तिथि को आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, आस्थावान यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए अयोध्या सज धज रही है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर 2023 को किया है। क्या कोई सोचता था कि अयोध्या में इतनी शानदार सड़कें होंगी। आज आप अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ, जन्मभूमि पथ को देखेंगे तो हर कोई अभिभूत होगा। मल्टीलेवल पार्किंग, गुप्तार घाट से लेकर रामजी की पैड़ी और नए घाट तक के घाटों का निर्माण, सूरजकुंड, भरतकुंड इन सबके सौंदर्यीकरण के कार्यक्रम को देखेगा तो हर कोई अभिभूत हो जाएगा। उसी श्रंखला में आने वाले श्रद्धालुओं की अवस्थापना सुविधाओं के लिए अच्छे यात्री निवास, धर्मशालाओं का निर्माण, अच्छे होटल, टेंट सिटी भी बन रही है या बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए इलेक्ट्रिक बसें, ई ऑटो और अन्य सुविधाएं यहां पर प्रारंभ हो रही हैं। यही नहीं, डिजिटल टूरिस्ट एप के द्वारा कोई भी आने वाला श्रद्धालु अयोध्या के हर स्पॉट का अवलोकन कर सके और अयोध्या को नजदीक से निहार सके, इस दृष्टि से भी इस कार्यक्रम को आज यहां संपन्न किया गया है। इस अवसर पर अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, प्रमुख सचिव नगर विकास अम्रत अभिजात आदि मौजूद रहे।





रविवार को अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इलेट्रॉनिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, अयोध्या शहर में 50 इलेक्ट्रिक बसों से लोग यात्रा कर सकेंगे।

- टूरिज्म ऐप को व पुलिस की वेबसाइट का उद्घाटन
- योगी ने 50 ई- बसों व 25 ई ऑटो का उपहार दिया

## 500 ई बसों का किया जाएगा विस्तार : सीएम

सीएम योगी ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सबसे पहले अयोध्या स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे। इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों का चौड़ीकरण, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के साथ ही ई-बसें अयोध्या को चमकाने का कार्य करेंगी। 200 ई-बसें तात्कालिक रूप से अयोध्या को दे रहे हैं, लेकिन 500 तक विस्तार देंगे। इसमें नगर विकास के साथ परिवहन विभाग लगे हैं। निजी क्षेत्र को भी आमंत्रित किया जाए।

## टूरिस्ट ऐप से अयोध्या की हर चीज को देखेंगे

सीएम योगी ने कहा कि टूरिस्ट ऐप से हम अयोध्या की एक-एक चीज को देख सकें, अवलोकन कर सकें और आसानी से महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच सकें, ये सुविधा प्रदान की जा रही है। यह हिंदी, संस्कृत समेत संविधान की अनुसूची में जितनी भी भाषाएं हैं उनमें भी यह उपलब्ध हो जाएगा।

## ऐप पर 22 भाषाओं में जानकारी मिलेगी

ऐप पर सभी जानकारी संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें विभिन्न भाषी तीर्थ यात्रियों एवं सैलानियों को विशेष रूप से मदद मिलेगी।